तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 2.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

**रोहतक**, शनिवार,13 जनवरी 2024

12 बाजारों से होकर निकलेगी भव्य श्री राम यात्रा



12 टंगैल नंदीशाला में चारे का संकट



## खबर संक्षेप

### अंबाला में 35 वाहनों के चालान किए गए

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी चालकों द्वारा अचानक प्रतिबंधित लेन में वाहन चलाने पर पुलिस की ओर से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी की ओर से ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को ऐसे 35 वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 605 दिनों में 29729 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।

### कबूतरबाजी के आरोप में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी लखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। लाहा गांव के बलजीत सिंह ने 27 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 अगस्त से 1 नवंबर 2021 के दौरान आरोपी लखविंद्र सिह व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### महिला से जेवर और नकदी छीनी

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलमान निवासी सुदेश की गांव में शिव क्लाथ हाउस नाम से दुकान है। वहीं सुदेश अपनी दुकान पर बैठी थी, इस दौरान दो युवक बाइक पर सवार होकर उसके पास आए, एक बाइक स्टार्ट किए ही खडा रहा, जबकि दूसरा सुदेश के पास पहुंचा और शैंपू की मांग की, वहीं युवक ने सुदेश को बातों में लगा लिया और उसके गले से डेढ तोला वजनी सोने की चेन और हाथ से करीब छह हजार रूपये की नगदी लेकर फरार हो गया। वहीं सुदेश की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने दो अज्ञात लोगों पर स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्चे के साथ महिला हुई लापता

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कालोनी से एक विवाहिता अपने दो साल के पुत्र के साथ संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं महिला के पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी को रोहित निवासी गांव उग्राखेडी जिला पानीपत विवाह की नीयत से उसकी पत्नी को बहला फुसला का अपने साथ ले गया है। पुलिस ने रोहित पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्ची के साथ दुकानदार ने की छेड़छाड़

**अंबाला।** 9 साल की बच्ची के साथ दुकानदार ने छेड़छाड़ की। आरोपी दुकानदार 2 बच्चों का पिता है। बच्ची पड़ोस में दुकान से कुरकरे लेने गई थी। आरोप है कि दुकानदार विजय कुमार यह कहते हुए बच्ची को अंदर ले गया कि कितनी प्यारी बच्ची है। वहां बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 9 साल की बच्ची कक्षा चौथी में पढ़ाई करती है।

# थम नहीं रहा कंपकंपाती ठंड का प्रकोप

## घना कोहरा और धुंध के छाए रहने के साथ चल रही है शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

■ ठंड बढ़ने से तापमान में आई भारी गिरावट

जिले में ठंड का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। पिछले एक पखवाड़े से रोजाना सुबह के वक्त घना कोहरा, दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में हाड गलाने वाली ठंड बढ़ रही है। कंपकंपाती ठंड की वजह से जहां लोग दिन भर घरों में दुबके रहते हैं, वहीं, कामकाजी लोगों के लिए परेशानियां बढ़ रही हैं। शुक्रवार को दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे, घना कोहरा पड़ने और शीतलहर चलने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की। शुक्रवार सुबह जिले में आसमान से कोहरे की बूंदे औस के रूप में टपकती रही। जिससे मौसम में अधिक ठंड बढ़ गई। शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह रहा कि दिन भर आसमान में धुंध के बादलों ने सूर्य देव को ढ़के रखा और लोग ठंड से कंपकंपाते रहे। एक दिन पहले शनिवार को दोपहर तीन बजे के करीब आधा घंटे के लिए सूर्य देव बादलों से बाहर निकलने में कामयाब हुए थे। मगर कुछ ही देर बाद वह बादलों में छिप गए।

लोगों को उम्मीद थी कि शुक्रवार को आसमान साफ हो जाएगा और उन्हें ठंड से छुटकारा मिलेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ और शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान शीतलहर शीतलहर चलने से मौसम में दिन भर ठंडक बनी रही जिससे बच्चे, बुजुर्ग घरों में दुबके रहे।





यमुनानगर में शुक्रवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन व अलाव जलाकर आग सेंकते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकंपी

शुक्रवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रह गया।

# सीएम मनोहर लाल 13 को करनाल प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

■ उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थलों का किया दौरा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी शनिवार को करनाल प्रवास पर रहेंगे और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा करके प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने दौरे के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी को सबसे पहले वार्ड नम्बर 1 बसंत विहार स्थित श्री राम चरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के साथ सीधा जन संवाद करेंगे और उनकी समस्या सुनेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री करनाल विधानसभा क्षेत्र के गांव जरीफाबाद में पंहुच कर वहां के लोगों के साथ भी जन संवाद करेंगे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति, वार्ड नंबर 1 के पूर्व नगर पार्षद नवीन कुमार, जरीफाबाद गांव के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन शर्मा मौजूद रहे।



उपायुक्त अनीश यादव कार्यक्रम स्थल का दौरा करके प्रबंधों का जायजा लेते हुए।

# अतिक्रमणकारियों पर पुलिस ने शिकंजा कसा

## पानीपत ट्रैफिक पुलिस ने 52 वाहनों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

■ अतिक्रमण से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में पानीपत को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत सातवें दिन शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने दौबारा से सनौली रोड पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाकर फुटपाथ को खाली करवाया। ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा वीरवार को सनौली रोड से अतिक्रमण हटवाने के साथ ही दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत दी गई थी की वे दौबारा से फुटपाथ व सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें। शुक्रवार को सनौली रोड पर फिर से दुकानदारों व रेहड़ी वालों ने फुटपाथ व सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया। इसकी सूचना मिलने पर शहर यातयात इस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने टीम के साथ पहुंचकर अतिक्रमण हटवाकर सभी दुकानदारों को हिदायत दी वे अपनी दुकान की हद तक ही सामान रखे। इस दौरान फुटपाथ व सड़क पर अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से खड़े 52 वाहनों के चालान भी किये गए व अतिक्रमण कर रखे फ्लेक्स बोर्ड इत्यादि सामान को जब्त किया गया।

डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी ने कहा कि अतिक्रमण से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



पानीपत की सनौली रोड से अतिक्रमण हटवाते हुए पुलिस टीम।

# दो युवकों से ठगे तीन लाख 60 हजार रुपये

## बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

■ पुलिस ने आरोपी महिला समेत तीन आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर एक महिला ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर दो युवकों से तीन लाख 60 हजार रुपये ठग लिए। पैसे ऐंठने का आरोप सोनिया, अशोक कुमार मेहता व निरंजन दास पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साढौरा थाने क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अक्तूबर 2023 में सोनिया ने उसके साथ फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की थी। एक नवंबर 2023 को सोनिया ने उसे तबीयत खराब होने के बहाने से अपने घर बुलाया। जब वह सोनिया के घर पहुंचा तो उसने उसे चाय पीने के लिए दी। चाय पीते ही वह बेहोश हो गया।

जब उसे होश आया तो वहां पर सोनिया के साथ अशोक मेहता व निरंजन भी था। आरोपियों ने उसे दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने उससे दो लाख रुपये की मांग की। उसने अपनी इज्जत बचाने के लिए आरोपियों को दो लाख रुपये दे दिए।

### परेशान होकर पुलिस में शिकायत दी

इसी प्रकार, एक अन्य युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोनिया के पड़ोस में उसका आना जाना था। जून 2023 में सोनिया ने उसे काम के बहाने से अपने घर बुला लिया। आरोपी ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिससे वह बेहोश हो गया। जब उसे होश आया तो सोनिया के साथ वहां पर अशोक कुमार भी था। होश में आने के बाद वह घर चला गया। इसके बाद उसके मोबाइल पर अशोक का फोन आया और उसके खिलाफ सोनिया के साथ दुष्कर्म करने बारे पुलिस में शिकायत देने की धमकी दी। दुष्कर्म के केस से बचने के लिए आरोपी ने उससे 50 हजार रुपये मांगे। उसने आरोपी को 50 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी उसे फिर से ब्लैकमेल करने लगे। आरोपियों ने उससे फिर से एक बार 50 हजार रुपये तथा दूसरी बार 60 हजार रुपये ले लिए। इस प्रकार आरोपी ने उससे एक लाख 60 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद भी आरोपी उससे पैसों की मांग करने लगे। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 120बी, 328, 389 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सूने घर से 42 हजार रुपये व लाखों के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

■ -पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव करेहड़ा खुर्द में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 42 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव करेहड़ा खुर्द निवासी कैलाश चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छह जनवरी को घर का ताला लगाकर परिवार के साथ किसी काम से बाहर गया था। देर शाम जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 42 हजार रुपये की नकदी , एलईडी, आठ जोड़ी चांदी के कंगन, चार गले की चेन, दो सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, एक सोने का कड़ा, एक चांदी का कड़ा गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### शटरिंग की 27 प्लेटें गायब

प्रेम नगर निवासी राजेश्वर मंडल ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। उसने वर्कशॉप रोड पर कांग्रेस भवन के पास बिल्डिंग बनाने का ठेका लिया हुआ है। लेंटर डालने के लिए उसने शटरिंग की प्लेट यहां रखी हुई थी। सुबह जब वह काम पर आया तो यहां से 27 शटरिंग की प्लेटें गायब थी। शहर पुलिस ने मामले में अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

# पुलिस अकादमी मधुबन में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

■ प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के सम्मेलन कक्ष में'ड्रोन टेक्नोलॉजी, इन्टरसेप्टर तथा इन्वेस्टीगेशन' विषय पर उत्तर क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ संपन्न। पांच दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ सीएस राव के निर्देश पर अकादमी की पुलिस अधीक्षक पुष्पा प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा,चण्डीगढ़ तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के राजपत्रित व अराजपत्रित पद के 20 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक पुष्पा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि

वर्तमान समय में अन्वेषण अधिकारी को टेक्नोलॉजी का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। अपराध में ड्रोन का इस्तेमाल भी किया जाने लगा है, इस चुनौती का सामना करने के लिए अन्वेषण अधिकारियों में इस विषय पर क्षमता निर्माण के लिए यह कोर्स आयोजित किया गया था। उन्होंने प्रशिक्षण में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को वरीयता प्रमाण-पत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला फरीदाबाद के पीएसआई विशाल

अंतिल ने प्रथम, उत्तर प्रदेश पुलिस के एसआई केशव कुमार ने द्वितीय तथा हरियाणा पुलिस अकादमी के एसआई रामनिवास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।







हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान करती पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पुष्पा का स्वागत करती जिला उप–न्यायवादी अनीता रानी।

### दो बाइकों की भिड़ंत में बिजली कर्मी की मौत

■ आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**यमुनानगर।** जिले के बिलासपुर-साढौरा रोड पर गांव कुराली के नजदीक दो बाइकों की भिडंत में बिजली कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सरावीं निवासी सचिन ने बताया कि उसका दोस्त सादिकपुर निवासी 35 वर्षीय कुलविंद्र सिंह बिजली निगम में नौकरी करता था। शाम करीब पांच बजे वह और उसका दोस्त बिलासपुर से अपने अपने गांव अपनी बाइकों पर जा रहे थे। जब वे साढौरा रोड पर कुराली गांव के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही अन्य बाइक सवार ने उसके दोस्त कुलविंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गया। उसने लोगों की मदद से दोस्त कुलविंद्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## सूर्य उपासना से चमकेगा भाग्य : डॉ. कौशिक

# रवि योग में मकर संक्रांति 15 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

■ ग्रहों के राजा सूर्य देव शनि की राशि मकर में 15 जनवरी को 02:54 एएम पर प्रवेश करेंगे

नए साल का पहला त्योहार मकर संक्रांति होता है जिसे हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन सूर्यदेव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। सूर्य देव दक्षिणायान से उत्तरायण हो जाते है जिसे पवित्र माना जाता है मकर संक्रांति के दिन स्नान दान का विशेष महत्व है। इस साल मकर संक्रांति के दिन रवि योग का निर्माण हो रहा है।

मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान दान के बाद सूर्य देव की पूजा करते है और रवि योग भी सूर्य पूजा के लिए उत्तम माना जाता है। सूर्य देव जिस समय मकर राशि में प्रवेश करते हैं, उस समय ही मकर संक्रांति होती है। मकर संक्रांति के दिन शुभ मुहूर्त में पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। उसके बाद सूर्य देव को जल से अर्घ्य देना चाहिए। उसके बाद काला तिल, गुड़, चावल, गेहू, गरम कपड़े, जूते चप्पल और खिचड़ी आदि का दान करना चाहिए।

ज्योतिषाचार्य डॉ.रामराज कौशिक के अनुसार, ग्रहों के राजा सूर्य देव शनि की राशि मकर में 15 जनवरी को 02:54 एएम पर प्रवेश करेंगे। उस समय सूर्य की मकर संक्रांति होगी। इस आधार पर मकर संक्रांति 15 जनवरी सोमवार को मनाई जाएगी। उस दिन पौष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि है। पुण्यकाल में मकर संक्रांति का स्नान और दान करना श्रेष्ठ है। हालांकि उस दिन ब्रह्म मुहूर्त से ही मकर संक्रांति का स्नान-दान प्रारंभ हो जाता है और पूरे दिन तक चलता है। रवि योग में स्नान, दान और सूर्य की पूजा करना बहुत ही कल्याणकारी होता है।



ज्योतिषाचार्य डॉ.रामराज कौशिक।

### मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को दान देना पुण्यकारी

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना बेहद पुण्यकारी माना जाता है. इस दिन खिचड़ी का दान देना विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन से सभी शुभ कार्यों पर लगा प्रतिबंध भी समाप्त हो जाता है। इस पर्व पर खिचड़ी सेवन और खिचड़ी दान का अत्यधिक महत्व बताया जाता है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन प्रसाद के रूप में खाई जाने वाली खिचड़ी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। इससे पाचन क्रिया सुचारु रूप से चलने लगती है।

# समालखा में दो नए पुलिस स्टेशन बनेंगे

## पानीपत के पुलिस कप्तान ने मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

■ नए थानों का नाम सदर व ट्रैफिक थाना होगा, ग्रामीण अंचल थाना सदर में शामिल किया जाएगा, शहरी क्षेत्र पुराने थाने के तहत आएगा

पानीपत जिला के कस्बा समालखा में एक और नया पुलिस स्टेशन स्थापित किया जाएगा। नए थाने का नाम दसर होगा और इसमें ग्रामीण क्षेत्र को शामिल किया जाएगा। जबकि पुराने थाने के क्षेत्र में समालखा शहर व इसके अंदर मिल चुके गांवों को शामिल किया जाएगा। स्मरणीय है कि दिल्ली एनसीआर और सोनीपत जिला से सटा होने के कारण समालखा में अपराध अधिक होने की आशंका रहती है। इसके साथ एक नए ट्रैफिक थाना जीटी रोड पर बनाया जाएगा। यहां से जीटी रोड के अपराध पर नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने दोनों थानों का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेज दिया है। वहीं समालखा में थाना सदर व ट्रैफिक के जनसेवा में आने के आद पानीपत जिला में पुलिस स्टेशनों की संख्या में 18 हो जाएगी। स्मरणीय है कि समालखा को नगरपालिका से नगर निगम बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने गत महीने समालखा में जन आशीर्वाद रैली में की है। इसके साथ नगरपालिका सीमा का विस्तार भी किया गया है। इसमें कई गांव व बाहरी कॉलोनियों को शामिल किया गया है। समालखा क्षेत्र में चुलकाना, आट्टा व जौरासी समेत 25 से अधिक गांव हैं। इसके अलावा शहर और गांव की मिलाकर सवा लाख से अधिक जनसंख्या है। इन सभी गांव व शहरवासियों की सुरक्षा के लिए अब तक महज एक थाना है। जिससे थाना के कार्य पर भार बढ़ रहा था। अपराध ग्राफ भी बढ़ रहा है। ऐसे में नया थाना मिलने से थाने का कार्यभार कम होगा। लोगों की सुरक्षा बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप



### सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना लाभकारी

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने में लाभकारी साबित होती जा रही है। जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए उक्त योजना की जानकारी दी।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि आजादी अमृत महोत्सव के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत व्यक्तिगत तौर पर पुरुष, महिलाएं किसान, उत्पादन संगठन, स्वयं सहायता समूह व सहकारी समिति ऋण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।



### स्माइल फाउंडेशन ने वितरित किए कंबल

**यमुनानगर।** स्माइल फाउंडेशन एवं जिला रेडक्रॉस समिति के तत्वावधान में लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गांधी नगर, पुराना हमीदा हैड, बस स्टैंड जगाधरी व रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर जरूरतमंदों को 100 कंबल वितरित किए गए।

संस्था के संस्थापक डाक्टर संजीव मेहता छिब्बर ने बताया कि संस्था पिछले दस वर्षों से रक्त दान के साथ-साथ कल्याणकारी कार्य कर रही है। कंपकंपाती ठंड को देखते हुए संस्था द्वारा स्लम एरिया के बच्चों को गर्म टोपियां, मफलर, जुराबें भी वितरित की गई।



### स्पेशल सेल की टीम ने दो आरोपी किए काबू

**यमुनानगर।** पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी से चोरी की बाइक तथा दूसरे से अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज राजेश राणा ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक चोरी की फिराक में मछरोली रोड बिलासपुर के पास घूम रहा है। सूचना के आधार पर एएसआई उमेश राठौर, सुरेंद्र कुमार, कुलदीप व कृष्ण की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां संदिग्ध परिस्थितयों में घूम रहे युवक को हिरासत में लिया।

---

### प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने मांगों को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष किया प्रदर्शन

- सरकार के खिलाफ की नारेबाजी
- मांगे जल्द पूरी नहीं की तो बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने अपनी मांगो को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम जगाधरी को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने मांगे पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी। शुक्रवार सुबह भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले जिले भर के ग्रामीण ट्यूबवेल ऑप्रेटर संघ के जिला प्रधान विजय कांबोज के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान ग्रामीण ट्यूबवेल ऑप्रेटरों ने काफी देर तक प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद नारेबाजी करते हुए ग्रामीण ट्यूबवेल ऑप्रेटर जिला सचिवालय में पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम जगाधरी के एसडीएम यश जालुका को ज्ञापन सौंपा। मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष विजय कांबोज ने कहा कि ग्रामीण ट्यूबवेल ऑप्रेटरों की लंबे समय से मांगे लंबित पड़ी हुई हैं। मगर सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण ट्यूबवेल ऑप्रेटरों के प्रतिनिधिमंडल की गत 15 मई को पब्लिक हेल्थ विभाग के चीफ सेक्रेटरी के साथ एक समझौता हुआ था। जिसमें उनकी काफी मांगे मान ली गई थी। लेकिन आज तक उन मानी गई मांगों का अधिकारिक तौर पर कोई पत्र जारी नहीं किया गया। जिससे ग्रामीण ऑप्रेटर परेशान हैं।



**यमुनानगर।** के जिला सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण ट्यूबवेल ऑप्रेटर। फोटो :हरिभूमि

**ये हैं मांगें**

उन्होंने बताया कि ग्रामीण ट्यूबवेल ऑप्रेटरों की मुख्य मांगें हैं कि सरपंचों द्वारा किसी भी ट्यूबवेल ऑप्रेटर को रंजिशन हटाया नहीं जाए, समय पर वर्दी व भत्ता दिया जाए, प्रति माह का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये किया जाए, औजार और सामान समय पर दिया जाए, किसी कर्मचारी की अगर मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को तीन लाख रुपये आर्थिक मदद दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो ट्यूबवेल ऑप्रेटर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेवारी प्रशासन और सरकार की होगी।

---

## नियमों को ताक पर रखकर शिक्षक ने राज्यपाल से प्राप्त किया अवार्ड

- आरोपी शिक्षक प्रवीन कुमार समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नियमों को ताक पर रखकर राज्यपाल से राज्य स्तरीय अवार्ड लेने के आरोप में पुलिस ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सेकेंडरी स्कूल के पीजीटी फाइन आर्ट शिक्षक प्रवीन कुमार गुप्ता समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह केस देवी भवन बाजार निवासी डॉक्टर संभव गर्ग की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया है। आरोपी फाइन आर्ट टीचर प्रवीन कुमार को साल 2017 में राज्यपाल द्वारा राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित किया गया था। आरोप है कि यह अवार्ड आरोपी ने नियमों को ताक पर रखकर फर्जी तरीके से लिया था। डॉ. संभव गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकार द्वारा हर साल सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। राज्य स्तरीय अवार्ड भी कई को मिलता है। जो राज्यपाल द्वारा दिया जाता है। आरोप है कि साल 2017 में नियमों को ताक पर रखकर फर्जी तरीके से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पीजीटी फाइन आर्ट शिक्षक प्रवीन कुमार को यह अवार्ड दिलाया गया। जबकि वे इसके योग्य नहीं थे। नियम अनुसार 50 प्रतिशत अंक और 15 साल का अनुभव होना जरूरी था। जबकि 31 मार्च 2017 तक आरोपी प्रवीन का पीजीटी वर्ग में केवल तीन माह नौ दिन का ही अनुभव था। वहीं अन्य कई नियमों को भी दरकिनार कर दिया गया। आरोप है कि नियम पूरे न होने पर भी डाइट की तत्कालीन प्रिंसिपल की समिति ने प्रवीन का नाम राज्य अवार्ड के लिए भेज दिया। जिसके बाद आरोपी प्रवीन को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें आरोपी की दो अतिरिक्त वेतन वृद्धियां, दो साल की अतिरिक्त नौकरी, 21 हजार नकद, एक मेडल, प्रमाण पत्र दिया गया था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने इस फर्जीवाड़े के सभी दस्तावेज जुटाए गए और अदालत में याचिका लगाई। जिसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद पुलिस को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए।

---

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रयासरत : चौहान

- भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



- विकसित भारत संकल्प यात्रा शहर में पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उक्त जानकारी दी। निर्वतमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि शनिवार से विकसित भारत संकल्प यात्रा शहर में पहुंचेगी। यह यात्रा 25 जनवरी तक शहर के हर वार्ड में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का निपटान करेगी। शहर के प्रत्येक वार्ड में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। चौहान ने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछले नौ साल से निरंतर गरीबों के हक के लिए न केवल संघर्षरत हैं। बल्कि उन्होंने प्रदेश में ऐसी योजनाएं लागू भी की हैं। जिन्हें गरीब हितकारी कहा जा सकता है।

---

## तुष्टीकरण की राजनीति करना है कांग्रेस की सोच

- शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण अस्वीकार करना बताया कांग्रेस का सदा रहा है भगवान श्रीराम में आस्था नहीं रखने का रवैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर के जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री कंवरपाल पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस की सोच सदा ही तुष्टीकरण की राजनीति करना व बांटो और राज करो की सोच रही है। इसका उदहरण कांग्रेस ने भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण अस्वीकार करके बता दिया है। कांग्रेस ने सदा ही भगवान श्रीराम के प्रति कभी भी अपनी आस्था नहीं जताई है। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण अस्वीकार करने का दंड देश की जनता कांग्रेस को आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में देगी। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में उक्त बात कही। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भगवान श्रीराम पूरे भारत का गौरव व आदर्श हैं। देश की जनता की आस्था भगवान श्रीराम में है। जबकि कांग्रेस का भगवान श्रीराम के प्रति कुआस्था रखने का जन्मजात रवैया रहा है। कांग्रेस पहले कहती थी कि राम तो केवल एक कल्पना है और वह कहीं नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अधिकांश लोह हर बार राम मंदिर बनाने की बात का विरोध करते थे। जबकि भगवान श्री राम इस देश की आत्मा हैं। राम इस देश का गौरव है। राम हमारे अस्तित्व हैं। भगवान राम हमारे आराध्य हैं। भगवान राम हमारे प्राण हैं। भगवान राम हमारे भगवान हैं। भगवान राम ही हमारे भारत की पहचान हैं। भगवान राम से ही हम प्रेरणा लेते हैं। श्री राम हमारे आदर्श है। भगवान श्री राम पूरे भारत के आदर्श हैं। यह किसी राजनीतिक दल का विषय नहीं है। इसमें सबको मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन तुष्टीकरण करना और बांटो और राज करो यह कांग्रेस पार्टी की सोच रही है। लेकिन आज देश की जनता सब समझ चुकी है। कांग्रेस अभी लोकसभा में 40 सीट पर है। मगर वह दिन दूर नहीं है जब काग्रेस चार पर आ जाएगी। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में न जाना यह कांग्रेस की अपनी निजी राय है। भगवान श्रीराम को मानाना व ना मानना यह उनकी सोच पर निर्भर करता है।

---

## बसपा के बढ़ते जनाधार से विपक्षी दलों में बढ़ी बेचैनीः डॉ. निर्मल

- जन कल्याणकारी दिवस के रुप में 15 जनवरी को मनाया जाएगा बसपा सुप्रिमो बहन मायावती का जन्मदिन
- जिले के रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव दामला में आयोजित किया जाएगा जिलास्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बहुजन समाज पार्टी द्वारा पार्टी सुप्रिमो बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन को जन कल्याणकारी दिवस के रुप में धूमधाम से मनाया जाएगा। पार्टी द्वारा 15 जनवरी को जिला के रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव दामला में बसपा सुप्रिमो बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन पर जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए बसपा द्वारा लोगों से जनसंपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है। उक्त जानकारी बसपा के रादौर विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने दी। बसपा के विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने पार्टी के शिव कुमार रौंटा, लाल सिंह व रॉकी हरगढ़ के साथ मिलकर गांव हरनौल, हरगढ़, काबूलपुर, ऊंचा चांदना, गुंदियानी, किशनपुरा माजरा व दामला समेत दर्जन भर गांवों में जनसंपर्क कर लोगों को जिलास्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि बसपा सुप्रिमो कुमारी बहन मायावती के जन्मदिन पर आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश भर में बसपा का जनाधार बढ़ रहा है। जिसे देखकर अन्य राजनैतिक दलों में बेचैनी बढ़ गई है। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में बसपा की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बसपा की सरकार आने पर सभी वर्गों के कल्याण के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई जाएंगी। लोगों को बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने लोगों से बसपा के दामला में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।



**यमुनानगर।** गांव हरनौल में जिलास्तरीय कार्यक्रम का लोगों को निमंत्रण देते हुए बसपा के विस नेता डॉ. निर्मल सिंह व अन्य।

---

## सशक्त युवाओं से होगा समृद्ध भारत का विकास : डॉ. बाजपेयी

- महाराजा अग्रसेन कॉलेज में हुआ पंचनंद शोध संस्थान द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में पंचनंद शोध संस्थान द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में मनोचिकित्सक डॉक्टर विक्रम भारती तथा मुख्यवक्ता के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंचनंद शोध संस्थान के संयोजक सुरेश पाल ने की।

डॉ. बाजपेयी ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके द्वारा दिए गए विचारों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस विकसित भारत का सपना हम 2047 में देखने जा रहे हैं। वह विकसित भारत तभी बन पाएगा, जब हम स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए विचारों पर चलने का प्रयत्न करेंगे। उन्होंने बताया कि विवेकानंद जी ने कहा था कि जो हमारा युवा हो। वह स्टील की तरह मजबूत हों। उनमें संयम हो, सहनशक्ति हो, दूसरों की मदद करने की जिज्ञासा हो। जबकि हमारी युवा शक्ति आज इन सब बातों से पीछे हटती चली जा रही है, जो देश के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि यदि युवा 2047 का विकसित भारत देखना चाहते हैं तो सभी को स्वामी विवेकानंद द्वारा बताए गए विचारों का पालन करते हुए उन पर चलना होगा। इस दौरान मुख्य अतिथि को स्वामी विवेकानंद की प्रतिभा भेंट कर उनका स्वागत किया गया।



**यमुनानगर।** के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्यातिथि को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेंट कर स्वागत करते आयोजक।

---



यमुनानगर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि व

### छात्राओं को स्वावलंबी बनाना जरूरीः डॉ.मीनू

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। जबकि स्वामी विवेकानंद यूथ सेल व योग विभाग की ओर से एक्सटेंशन लेक्चर व योगा ट्रेनिंग का आयोजन हुआ। वहीं अर्थशास्त्र विभाग व आईपीआर सेल की ओर से विकसित भारत विषय पर ऑन लाइन पोस्टर मेकिंग व इंटर क्लास पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। कालेज की एल्युमिनी मुस्कान ओबराय ने छात्राओं को कलात्मक पैकिंग की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसीपल डॉ.मीनू जैन ने की। मुस्कान ओबराय ने कहा कि जब हम किसी को गिफ्ट देते हैं तो उसमें पैकिंग का अहम रोल माना गया है। हालांकि हम अपने गिफ्ट को बिना पैकिंग के भी दे सकते हैं। ऐसा करने से कहीं न कहीं गिफ्ट लेने वाले की उत्सुकता पर असर देखा जा सकता है। वहीं गिफ्ट को पैकिंग में देने से जहां लेने वाले की उत्सुकता बनी रहती है वहीं गिफ्ट की खुबसूरती में भी चार चांद लग जाते है। डॉ.रंजना ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने नारी उत्थान व शिक्षा के लिए जो कार्य किए हैं, उनके माध्यम से युवा वर्ग देश की उन्नति में योगदान दे सकता है। डॉ.प्रदीप कुमार ने छात्राओं को योग की ट्रेनिंग भी दी। डॉ.मीनू जैन ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक वर्कशाप छात्राओं में प्रोत्साहन जागृत करती है।

---

**पड़ताल** संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

# रैन बसेरों में आने वाले गरीबों को बेहतर सुविधाएं करें प्रदान

- रैन बसेरों की व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने शहर में बनाए गए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों में व्यवस्थाएं जांची। रैन बसेरे में आने वाले लोगों के रजिस्टर की बारीकी से जांच की। रैन बसेरों की सफाई व्यवस्था, रजाई, बिस्तरों व अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की।

संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने सबसे पहले निगम के टीएफआई गोपाल बक्शी के साथ जगाधरी बस स्टैंड के पास बनाए रैन बसेरा में पहुंची। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों में लगे रजिस्टर की जांच की। साथ ही रैन बसेरों में आराम कर रहे लोगों से बातचीत की। रैन बसेरों में आराम कर रहे लोगों का हाल चाल पूछा और निगम द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने शहर स्थित अन्य रैन बसेरो का भी निरीक्षण किया। मौके पर संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने रैन बसेरों में तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि रोजाना रैन बसेरों की सफाई की जाए। बिस्तरों को रोजाना साफ कर दोबारा लगाया जाए। लाइट व्यवस्था बेहतर हो। किसी भी व्यक्ति को रैन बसेरों में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसका पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों के लिए नगर निगम द्वारा रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। कोई भी खुले आसमान के नीचे न सोए। इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने लोगों से खुले आसमान में यदि कोई सोता हुआ मिले उसे तुरंत नजदीकी रैन बसेरो में पहुंचाए जाने की अपील की।



**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड के पास रैन बसेरे का औचक निरीक्षण कर जांच करती संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा। फोटो :हरिभूमि

**इन स्थानों पर बने हैं रैन बसेरे**

*कंपकंपाती ठंड से लोगों को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा ट्विन सिटी में जगाधरी बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पुराना तांगा स्टैंड के पास, संत निरंकारी भवन के सामने सुलभ शौचालय के ऊपर व यमुनानगर बस स्टैंड के पास रैन बसेरों की व्यवस्था की हुई है। जिनमें महिलाओं और पुरुषों के आराम करने के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई है। इनमें लगभग 120 से अधिक लोगों के सोने के लिए गर्म कंबल, रजाई, बिछोना, बिस्तर व अन्य व्यवस्था की हुई है। संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने आमजन से खुले आसमान के नीचे कहीं पर भी सोते हुए व्यक्ति को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरो में पहुंचाए जाने की अपील की।*

**खबर संक्षेप**

## भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

**थानेसर।** लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर चल रही सैक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन फार्म में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन प्रवचन करते हुए पवन भारद्वाज ने वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। कथा का पूजन पंडित रघुनंदन भारद्वाज के द्वारा मंत्रोच्चारण से करवाया गया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था।

## नियमित दिनचर्या में शामिल करें योग

**कुरुक्षेत्र।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में तीन दिवसीय योग शिविर के अंतिम दिन समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ देवेंद्र खुराना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए सभी विद्यार्थियों को अनुशासन के महत्त्व को बताया व श्रीकृष्ण योग क्लब के सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ सचिन्द्र कौड़ा , योग शिक्षिका रचना, एसएमसी की उपप्रधान पूनम कौशिक तथा योगाचार्य मदन गाबा को इस पुनीत कार्य को प्रतिपादित करने में सहयोग देने हेतु साधुवाद दिया।

## छात्राओं की समस्याओं का हुआ समाधान

**कुरुक्षेत्र।** सीवाईएसएस के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष ने कहा कि 9 जनवरी को सीवाईएसएस और सभी छात्राओं ने मिलकर कुलपति महोदय को ज्ञापन दिया था और दो दिन बाद एक बड़े आंदोलन की चेतावनी दी थी, लेकिन आंदोलन से पहले ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन झुका और छात्राओं की सभी मांगों को मान लिया है।

## एडीआर सैंटर में लगाया विशेष कैंप

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा किन्नर समुदाय के लिए एडीआर सैंटर में विशेष कैंप लगाए गए। जिसके तहत किन्नर समाज के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर और उनके आधार कार्ड , उनके सर्टिफिकेट, परिवार पहचान पत्र , पैंशन आदि से सबंधित दिक्कतों के समाधान के लिए सीएससी ऑपरेटर बिठाए गए। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र की टीम द्वारा किन्नर समाज के लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

## स्वामी विवेकानंद भारतीय युवा प्रेरणा के प्रतीक पुरुष

**कुरुक्षेत्र।** स्वामी विवेकानंद भारत के उन महापुरुषों में अग्रणी हैं, जो युवाओं में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं। वे भारतीय युवा प्रेरणा के प्रतीक पुरुष है। उनका तेजस्वी शरीर और संपूर्ण व्यक्तित्व इतना आकर्षक, प्रभावी, भव्य और उदात्त है कि बरबस ही वह युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। स्वामीजी ने न सिर्फ अपने समय में युवाओं को जाग्रत किया, बल्कि आज भी उनके विचार युवाओं को चुंबक की तरह अपनी ओर खींचने की क्षमता रखते हैं।

### लोहड़ी 13 की जगह 14 जनवरी को मनाई जाएगी

# लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व उमंग व उत्साह से मनाया जाता हैः डॉ. सुरेश

**इस बार सूर्य देव 15 जनवरी 2024 को मकर राशि प्रातः 2 बजकर 43 मिनट में गोचर कर रहे हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कॉस्मिक एस्ट्रो, पिपली (कुरुक्षेत्र) के डायरेक्टर व श्री दुर्गा देवी मंदिर के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि हर साल 13 जनवरी को लोहड़ी का त्यौहार मनाया जाता है। लेकिन इस बार सूर्य देव 15 जनवरी 2024 को मकर राशि प्रातः 2 बजकर 43 मिनट में गोचर कर रहे हैं, जिस कारण से इसी दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। ऐसे में लोहड़ी 13 की जगह 14 जनवरी 2024 को मनाई जाएगी। लोहड़ी का पर्व हमेशा मकर संक्रांति के ठीक एक दिन पहले मनाया जाता है।

लोहड़ी का त्यौहार सर्फि पंजाब, हरियाणा , दल्लिी, जम्मू काश्मीर और हिमाचल में ही नहीं अपितु बंगाल तथा उड़िया लोगो द्वारा भी मनाया जाता है मकर संक्रान्ति की पूर्व संध्या पर इस त्यौहार का उल्लास रहता है। रात्रि में खुले स्थान में परिवार और आस-पड़ोस के लोग मिलकर आग के किनारे घेरा बना कर बैठते हैं। इस समय रेवड़ी, मूंगफली, लावा आदि खाए जाते है। लोहड़ी मनाने के लिए लड़कियों की ढेरी पर सूखे उपले भी रखे जाते है।

परिवार के सदस्य और जन समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवडी एवं मूँगफली का भोग लगाया जाता है। ढोल की थाप के साथ गद्दि और भाँगड़ा नृत्य इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र होते है।

इसका सम्बन्ध एक मन्नत से जोड़ा गया है अर्थात्जिस घर में नई बहू आई होती है या घर में संतान का जन्म हुआ होता है तो उस परिवार की ओर से खुशी बाँटते हुए लोहड़ी मनाई जाती है। सगे-संबंधी और रशितेदार उन्हें आज के दिन विशेष सौगात के साथ बधाइयाँ भी देते है।

गोबर के उपलों की माला बनाकर मन्नत पूरी होने की खुशी में लोहड़ी के समय जलती हुई अग्नि में उन्हें भेंट किया जाता है। इसे चर्खा चढ़ाना कहते है। लोहड़ी एवं मकर सक्रांति एक-दूसरे से जुड़े रहने के कारण सांस्कृतिक उत्सव और धार्मिक पर्व का एक अद्भुत त्योहार है। आज जहाँ शाम के वक्त लकड़ियों की ढेरी पर विशेष पूजा के साथ लोहड़ी जलाई जाएगी, वहीं कल प्रातः मकर सक्रांति का स्नान करने के बाद उस आग से हाथ सेकते हुए लोग अपने घरों को आएँगे। इस प्रकार लोहड़ी पर जलाई जाने वाली आग सूर्य के उत्तरायण होने के दिन का पहला विराट एवं सार्वजनिक यज्ञ कहलाता है। भगवान सूर्य को सम्पूर्ण वश्वि में प्रकाश देने के लिए अहोभाव और धन्यवाद भाव भी प्रकट करता है इस उत्सव का एक अनोखा ही नजारा होता है। अनेक प्रकार के वाद्य यंत्रों के साथ जब लोहड़ी के गीत शुरू होते हैं तो स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे सभी स्वर में स्वर, ताल में ताल मिलाकर नाचने लगते है।

'ओए, होए, होए, बारह वर्षी खडन गया सी, खडके लेआंदा रेवड़ी..,दुल्ला भट्टी वाला ....,' इस प्रकार के पंजाबी गाने लोहड़ी की खुशी में खूब गाए जाएंगे।



**कुरुक्षेत्र।** लोहड़ी पर्व मनाते कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

## कुवि में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति कार्यालय के प्रांगण में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय त्यौहार नई उर्जा एवं उत्साह के सृजक हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व समृद्ध भारतीय संस्कृति का भी प्रतीक है जो समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाने वाला लोहड़ी त्यौहार, हिंदुओं और सिखों के लिए समान रूप से एक पवित्र और आनंदमय त्योहार है। पंजाब में मनाया जाने वाला एक प्रमुख अवसर लोहड़ी इस राज्य की संस्कृति के शीर्ष आकर्षणों में से एक है। इस अवसर पर सभी को मूंगफली, रेवड़िया व गजक वितरित की गई। इस मौके पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा, डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा, नरेन्द्र निम्मा, बलजीत, रमेश कुमार, चन्द्र मोहन ढींगरा, धर्मेन्द्र सहित कर्मचारी मौजूद थे।



## थानेसर का स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ना बेहद शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए नगर परिषद थानेसर का स्वच्छता सर्वेक्षण में बुरी तरह पिछड़ना बेहद शर्मनाक है। अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले लगभग 20 वर्ष से नगर परिषद थानेसर की अध्यक्षा सुभाष सुधा की धर्मपत्नी उमा सुधा हैं और सुभाष सुधा थानेसर के विधायक हैं। कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी भाजपा के प्रदेशाध्यश्क्ष भी हैं। इस प्रकार ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए भी नगर परिषद थानेसर स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरी तरह साफ हो गई है। करोड़ों रूपए विकास पर खर्च करने का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, पूर्व सरपंच पाला राम, ओमप्रकाश हथीरा, पूर्व जिप सदस्य चंद्रभान वाल्मीकि, माला राम व संजय कौशल मौजूद रहे। अशोक अरोड़ा ने बताया कि उन्होने शुक्रवार को गांव पलवल, खेड़ी रामनगर, फतुहपुर, चंद्रभानपुर, खासपुर, अमीन, बीड अमीन, तिगरी, कंवारखेड़ी, ईशाकपुर, सुनहेडी, आलमपुर व खेड़ी ब्राह्मण में लोगों से जनसंपर्क करके लोगों को थानेसर अनाज मंडी में आयोजित 21 जनवरी में कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम का न्यौता दिया।

## भगवान परशुराम कॉलेज में मनाई विवेकानंद जयंती



**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई जिसमें एनएसएस के 26 स्वयंसेवकों समेत बहुत से छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भारत के महापुरुषों में से एक स्वामी विवेकानंद की 12 जनवरी को 161वीं जयंती मनाई गई। उनके गौरवमयी जीवन काल पर प्रकाश डालते हुए प्रिंसिपल शीशपाल ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें बताया कि विवेकानंद औपनिवेशिक भारत में हिंदुत्व के पुनः उद्धार और राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने के लिए जाने जाते हैं। इसलिए उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि वह हमेशा ही युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। उनकी जीवन में 'आरोग्य, आत्मविशेषण और आत्मार्पण' के मूल्य रहे हैं। उन्होंने विश्वधर्म महासभा की स्थापना की, जिसका उद्देश्य विभिन्न धर्म के लोगों को एकत्रित करना था।

## जनार्दन दास की 18वीं बरसी पर लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

लाडवा के गांव बदरपुर में स्थित शिव मंदिर में गुरु महाराज जनार्दन दास जी की 18वीं बरसी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व भंडारे का शुरूआत करवाई। मंदिर के पुजारी शिव कुमार ने बताया कि हर वर्ष की 12 जनवरी को मंदिर परिसर पर गुरु महाराज जनार्दन दास की बरसी मनाई जाती है और हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाता है। वहीं मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हमें गुरुजनों के दिखाई मार्ग पर चलना चाहिए। क्योंकि गुरु के दिखाए बिना इंसान को कभी भी सही मार्ग नहीं मिल सकता है और हम सभी को उन्हीं के द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा बढ़ता है और हम सभी को ऐसे आयोजनों में बढ़-कर कर भाग लेना चाहिए। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने ग्रामीणों को भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया। मौके पर सुनील गर्ग, गुड्डू राम, पाला राम, चन्द्रभान, राजिन्द्र, अजमेर, ओमप्रकाश, राजपाल, जयराम, नरेश कुमार आदि मौजूद थे।



**लाडवा।** गांव बदरपुर के शिव मंदिर में भंडारे का प्रसाद वितरीत करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

## समाज को कर रहा जागरूक रोटरी क्लब लड़कों की भाति लड़कियों की भी मनाएं लोहड़ीः संदीप गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद यूनिट द्वारा लाडवा रोड स्थित एक निजी रिसोर्ट में लोहड़ी मिलन समारोह करवाया गया, जिसमें रोटरी सदस्य और स्टॉलवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग ने अपनी पत्नी शिल्पी गर्ग के साथ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

रोटरी अध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और उसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरू किया गया। अपने सम्बोधन में संदीप गर्ग ने कहा कि छोटी-छोटी खुशियों का संग्रह है जिंदगी, खुशियों का पूरा गगन किसी के भी पास नहीं है कि मनुष्य जब चाहे खुशी का सितारा तोड़ कर जिंदगी को सजा ले। अगर मनुष्य की जिंदगी से मेले-त्योहार व महत्वपूर्ण दिनों को हटा दिया जाए तो समस्त जिंदगी नीरस, फीकी एवं बेस्वाद होकर रह जाएगी। मेले और त्योहार मनुष्य की जिंदगी में खूबसूरती, सुंदरता, जीने की उमंग तथा ललक पैदा करते हैं और ऐसे त्योहारों को आयोजित करके रोटरी क्लब एक मिसाल पैदा कर रहा है। संदीप गर्ग ने कहा कि लोहड़ी समस्त मजहबों, धर्मो के लिए एकता का प्रतीक तथा संस्कृति का एक भव्य उपहार है। लड़के के जन्म की पहली लोहड़ी हो या बेटे की शादी की पहली लोहड़ी, तो लोग इस पर्व को दुगने उत्साह के साथ मनाते है।



**शाहबाद।** लोहड़ी कार्यक्रम में उपस्थित रोटरी सदस्य।

### गिद्दा और भंगड़ा के बीच धूम पर मनाई लोहड़ी

कार्यक्रम को पंजाबी थीम दिया गया था और पंडाल की सजावट, खाना व वेशभूषा सब पंजाबी थी। कार्यक्रम में महिलाओं ने गिद्दा व जागो की सुंदर प्रस्तुति दी। रोटरी सदस्यों ने भी ढोल की थाप पर खूब भंगड़ा किया। कार्यक्रम की रौनक को देखकर मुख्यातिथि भी खुद को नहीं रोक पाए और उन्होंने क्लब सदस्यों के साथ लोहड़ी पर जमकर मस्ती की। इस मौके रोटरी सचिव दीपक कक्कड़, डॉ सतीश गर्ग,बलेव सिंह विर्क एडवोकेट,रोहित वधवा,संजय बत्रा, अमन सिंघल, डॉ. दीपक शर्मा, राजीव कालड़ा, मनोज बंसल, डॉ अभिशेक ढींडसा, विक्रम गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, चन्दर प्रकाश, डॉ. आर एस घुम्मन, आर डी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## विवेकानंद की जयंती पर किए पुष्प अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय युवा दिवस व युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शाहबाद में एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व समाजसेवी सुभाष कलसाना ने विवेकानंद के चित्र पर पुष्पअर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओ को प्रेरित करते हुए कहा था कि एक विचार लो, उस विचार को अपना जीवन बना लो, उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो, उस विचार को जियो, उसे अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका है। स्वामी विवेकानन्द हमारी युवा पीढ़ी के सर्वोत्तम आदर्श हैं। स्वामी विवेकानंद भारत की राष्ट्रीयता के पोषक थे। वही वरिष्ठ समाजसेवी दीपक आनंद ने कहा कि विवेकानंद की देश के लिए कड़ी मेहनत और ज्ञान के दम पर उस कालखंड में जब देश गुलाम था, एक बार पुनः भारत को मान-सम्मान मिला, गुलामी के कारण जो हीनता का भाव भारतीयों में आया था वह खत्म हुआ।



**कुरुक्षेत्र।** स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समाजसेवी सुभाष कलसाना व अन्य।

## युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं विवेकानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में बालकुलम शिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के संयोजक पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना के अंग्रेजी प्राध्यापक डॉ प्रशांत शर्मा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद हम सभी के आदर्श हैं, खासकर युवाओं के लिए। उन्होंने कहा कि उठो जागो और जब तक तुम्हारे लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए, तब तक संघर्ष करते रहो। ऐसे महापुरुष के जन्मदिन के उपलक्ष में रक्त जान जैसा पुण्य कार्य करना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन और जिन आदर्शों के लिए वह जिए और काम किया, वह भारतीय युवा के लिए प्रेरणा का एक बहुत बड़ा स्त्रोत हो सकते हैं। भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पश्चिमी दुनिया को हिंदू धर्म और भारतीय आध्यात्मिकता से परिचित करवाया। इस दौरान सुंदरलाल धीमान, नवल किशोर नवल, धर्मपाल शास्त्री, डॉ सौरभ त्रिखा, नितेश शर्मा ने सभी रक्तदाताओं को बैच लगा कर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में अक्षय गौतम, अंकुर गर्ग, रोहित शर्मा, राजेश कुमार, राजेंद्र सिंह, सुखदेव शर्मा, डॉ अनिल कौशिक, अभिजीत आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** रक्तदाता को प्रमाण पत्र देते अतिथिगण।



## विदेश की चकाचौंध से बचना आवश्यक, देश में अवसरों की कमी नही : डॉ. सुषमा शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फेलोशिप की चैप्टर संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा ने दीपक चिब व डॉ राम निवास के माध्यम से शालिनी परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डिवाइन मल्टीप्लेक्स में डंकी मूवी शो दिखाया गया। इसमें बारना, कमोदा, किरमिच, थानेसर, लाडवा, शाहाबाद और इस्माईलाबाद सहित विभिन्न स्थानों से कुल 70 शालिनियो ने भाग लिया। आयोजन का केंद्र बिंदु विदेश जाने के लिए अवैध प्रक्रियाओं से जुड़े संभावित खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें सूचित निर्णयों के महत्व पर जोर दिया गया। डॉ. शर्मा का उद्देश्य शालिनी लोगों के बीच अपनी मातृभूमि के प्रति गहरी सराहना पैदा करना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना रहा। उन्होंने कहा कि विदेश की चकाचौंध से बचना आवश्यक है, क्योंकि हमारे देश में भी अवसरों की कमी नही है। डिवाइन सिटी सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम ने आनंददायक और शैक्षिक अनुभव प्रदान किया। फिल्म 'डंकी' के चुनाव ने संभवतः ज्ञानवर्धक माहौल में योगदान दिया, जिससे शालिनी में कृतज्ञता की गहरी भावना पैदा हुई। कुल मिला कर डॉ. सुषमा शर्मा ने एक विचारशील कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मनोरंजन के साथ एक महत्वपूर्ण संदेश मिला, जिससे उपस्थित लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

## हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स संघ ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स संघ, हरियाणा (हुकटा) ने राज्य सरकार से मांग की कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए सरकार पॉलिसी या विशेष कैडर बनाकर उनका रोजगार सुरक्षित करें। ये अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर रिक्त पदों पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। अब स्थायी भर्ती की प्रक्रिया से उन पर छंटनी की तलवार लटक गई है।संघ सभी पार्टियों के सांसदों, विधायकों व अन्य मंत्रिमंडल के नेताओं को रोजगार सुरक्षित करवाने की पॉलिसी बनाने के लिए पत्राचार और मिलकर रोजगार सुरक्षित करने की मांग लंबे समय से कर संघर्ष कर रहा है। इसी क्रम में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद नायब सिंह सैनी से मिलकर मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया और मुख्यमंत्री से मिलवाने की मांग की। हुकटा के प्रदेश प्रेस सचिव अभिनव कटारिया ने बताया कि प्रदेश के 15 सरकारी विश्वविद्यालयों में एक हजार से अधिक अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर कई वर्षों से वर्कलोड पर कार्यरत हैं। सभी की नियुक्ति यूजीसी के मापदंडों जैसे यूजीसी नेट, पीएचडी की योग्यता पूर्ण कर नियमानुसार की गई है। सभी प्रारंभिक वेतनमान पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।अब स्थायी भर्ती की जाएगी तो उनकी छंटनी हो जाएगी,जिससे उनका व उनसे संबंधित 10 से 15 हजार सदस्यों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** मांगों का ज्ञापन सौंपते हुकटा के पदाधिकारी।

### कार्यक्रम में माता-बहनों और किसानों ने भाग लिया

# संस्कारवान युवाओं से होगा उन्नत राष्ट्र का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के संयुक्त प्रयासों से गांव पबनावा के आदर्श विद्या मंदिर हाईस्कूल में लगाये गये आर्य वीर दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में गुरुकुल के व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने मुख्य अतिथि एवं लेखा अधिकारी अनिल कुमार व वेद प्रचार प्रमुख विशाल आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल में पहुंचने पर चेयरमैन महिन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य मनीषा, मैनेजिंग डायरेक्टर कुलदीप कूलर सहित समस्त स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में बड़ी तादाद में माता-बहनें और किसानों ने भी भाग लिया। रामनिवास आर्य ने कहा कि संस्कारवान-युवाओं से ही उन्नत राष्ट्र का निर्माण होगा और यह हम सभी की जिम्मेदारी हैं कि अपने बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की दीक्षा भी दें। बच्चें संस्कारवान-होंगे तभी वे अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करेंगे और बुढ़ापे में उनकी सेवा करेंगे अन्यथा केवल किताबी ज्ञान का कोई औचित्य नहीं। किसानों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने वर्ष 2012 में वेद प्रचार विभाग का गठन कर गांव-गांव, शहर-शहर युवाओं के जीवन निर्माण और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का यह अभियान आरम्भ किया था जो वर्तमान में पूरे प्रदेश में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य के नेतृत्व में जोर-शोर से चल रहा है। इसी के साथ, आचार्य देवव्रत ने देशभर में प्राकृतिक खेती अपनाओ, मुहिम चलाई हुई है जो किसानों के लिए एक वरदान है।



**कुरुक्षेत्र।** मुख्य अतिथि रामनिवास आर्य को स्मृति चिहन भेंट करते स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य।

**सूचना**

मैं, अजय कुमार शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा पुत्र लज्जा राम निवासी मकान नंबर 316, सेक्टर 8 अर्बन अस्टेट तहसील थानेसर, कुरुक्षेत्र बयान करता हूं कि मेरी पत्नी सुषमा शर्मा, लड़का मोहित शर्मा व लड़की मृदु शर्मा मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया

**अंबाला।** पुलिस की ओर से शुक्रवार को हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत दुर्गा शक्ति टीम ने एसडी कॉलेज में छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने का भी आग्रह किया। साथ ही महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, के बारे में भी जागरूक किया। दौरान दुर्गा शक्ति टीम की प्रभारी एएसआई रेनू छात्रों के हर सवाल का जवाब भी दिया।

### विकास कार्यों पर उठाए सवाल

**अंबाला।** अंबाला छावनी में चल रहे विकास कार्यों को लेकर इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि ऐसा विकास किस काम का जो जनता को दुख दे। उन्होंने कहा कि पंजाबी मे एक कहावत है भठ पिया सोना जिहड़ा कना नूं खाए ₹ जिसका मतलब है कि सोने की कीमत तो सबके लिए महत्वपूर्ण है लेकिन ऐसे सोने का भी कोई लाभ नहीं होता जो कान को ही नुकसान दे। कहा कि मिल के पीछे आने जाने के लिए मात्र एक सड़क है और वह भी पिछले कई महीनों से टूटी हुई और बंद है।

### दुराचार का प्रयास करने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज किशोरी से दुराचार का प्रयास करने वाले आरोपी विजय कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित के पिता ने 10 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विजय कुमार ने उसकी किशोर पुत्री से दुराचार का प्रयास करने का अपराधिक कार्य किया है।

### अपहरण के मामले में तीन आरोपित दबोचा

**कैथल।** एक व्यक्ति का अपहरण करके पैसे मांगने की मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए बाबरपुर जिला पटियाला पंजाब निवासी राजेंद्र सिंह, हीरागढ़ पटियाला पंजाब निवासी हरप्रीत व न्यायतपुर जिला पटियाला पंजाब जसपाल को गिरफ्तार कर लिया।

## कमेटी का आरोप, प्रशासन की ओर से भेजे जा रहे हैं क्षमता से अधिक पशु

# टंगैल नंदीशाला में चारे का संकट मवेशी लेने से कमेटी का इनकार

### नंदीशाला में मार्च तक के लिए रखा सूखा चारा ढ़ाई महीने पहले ही खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। नंदीशाला में मौजूद गौधन।

गांव टंगैल स्थित महार्षि मारकंडेश्वर नंदीशाला में चारे का संकट खड़ा हो गया है। इस संकट के कारण अब नंदीशाला के पशु भूखे मरने की कगार पर पहुंच गए हैं। बेसहारा गौधन की बढ़ती संख्या की वजह से ये स्थिति पैदा हुई है। इस समस्या के चलते अब नंदीशाला को चलाने वाली कमेटी ने नए पशु लेने से साफ इंकार कर दिया है। चारे के बढ़े संकट को लेकर कमेटी प्रधान अनिल चड्ढा शुक्रवार को कमेटी सदस्यों के साथ नंदीशाला पहुंचे। चड्ढा ने कहा कि अब उन के हाथ खड़े हो चुके हैं। अब वह प्रशासन द्वारा भेजे गए पशुओं को कतई नहीं लेंगे। कमेटी की मानें तो नंदीशाला में मार्च तक के लिए सूखा चारा जमा किया गया था। पर पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण यह अढ़ाई महीने पहले ही समाप्त हो गया है। नंदीशाला टंगैल गांव की 11 एकड़ गौचरान भूमि में बनी हुई है। इसमें सात एकड़ की चारदीवारी हुई है। करीब 4 एकड़ खाली है। गौधन के लिए 6 एकड़ में हरा चारा बिजा गया था। यह चारा भी अब खत्म होने जा रहा है। कमेटी के अनुसार इस बार पहले सारा चारा तेज बारिश व मारकंडा नदी में पानी से खराब हो गया था। अब फिर नंदीशाला में सूखे चारे का भी संकट खड़ा हो गया। बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण यह स्थिति पैदा हो रही है।


अंबाला। चारे के संकट की जानकारी देते कमेटी के पदाधिकारी।

### सालाना प्रति गाय मिलते हैं 300 रुपये

नंदीशाला कमेटी के सचिव भूपेंद्र कालड़ा का कहना है कि इस समय हरे चारे के साथ ही सूखे चारे की भी समस्या खड़ी हो गई है। नंदीशाला में सरकार की और से वर्ष में 300 रूपते प्रति गाय व 400 रुपये नंदी के हिसाब से मिलते हैं। नंदीशाला की 27 सदस्य कमेटी यहां की व्यवस्था को संचारु रखने के लिए दानी लोगों से संपर्क स्थापित करती है। कालड़ा ने कहा कि नंदीशाला दान की राशि से ही चल पा रही है। पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण अब चारे की पूर्ति पर्याप्त नहीं हो पा रही है। नंदीशाला में गौधन के लिए कुल चार शैड बनाए गए हैं। इनमें दो शैड में भूसा स्टोर किया जाता है। दो शैड में गौधन रखा गया है।

कमेटी के अनुसार दिसंबर के महीने में प्रशासन द्वारा यहां करीब 75 पशु भेजे गए थे। मुलाना पंचायत द्वारा भी किसानों के खेत चरते बेसहारा 100 पशुओं को यहां भेजा गया है। प्रधान अनिल चड्ढा ने कहा कि नंदीशाला में प्रतिदिन पशुओं का आना जारी है। क्षेत्र की करीब 20 पंचायतों से उन्हें आर्थिक व चारे की मदद मिलती है। सचिव भूपेंद्र कालड़ा ने उन आरोपों को भी सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कमेटी पर पशुओं को दोबारा खुले में छोड़ने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई यह आरोप साबित कर दे तो वह हर हर्जाना देने को तैयार हैं। एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने कहा कि नंदीशाला में चारे के संकट की हल हो जाएगा।

### नंदीशाला में 550 पशु

बता दें कि इस समय नंदीशाला में करीब 550 बेसहारा पशु हैं। अब यहां पशुओं के लिए यहां रोज 10 क्विंटल चारे की जरुरत होती है। इस पर रोज हजारों रुपये का खर्च आता है। यह नंदीशाला क्षेत्र के सामाजिक व दानी लोगों के सहारे ही चल पा रही है। प्रशासन की ओर से नंदीशाला को ज्यादा मदद नहीं मिल पाती। कमेटी के सदस्य अपने रसूख से एकत्रित चंदे से नंदीशाला की व्यवस्था चलाने का काम करते हैं। नंदीशाला में 10 कर्मचारी बेसहारा पशुओं की देखभाल कर रहे है। इनके वेतन पर प्रतिमाह 1 लाख रूपए खर्च होता है। केवल चंदे के सहारे हर महीने कर्मचारियो को वेतन निकालना ही कमेटी को मुश्किल हो जाता है।

### फिलाडेल्फिया अस्पताल में मनाया लोहड़ी का जश्न, जमकर झूमी स्टाफ नर्स व सहयोगी कर्मचारी

**अंबाला।** फ़लिाडेल्फ़यिा अस्पताल में मकर संक्रांति के एक दिन पहले लोहड़ी त्यौहार हर्षोलास से मनाया गया। अस्पताल प्रांगण में डॉक्टर्स, स्टाफ एवं नर्सिंग की छात्रों ने आग के किनारे घेरा बनाकर विभिन्न नृत्य, गिद्धा एवं बोलियों के साथ इस त्यौहार को मनाया। रेवड़ी, मूंगफली, लावा आदि के साथ नृत्य की उमंग देखते ही बनती थी। इस विशेष दिवस पर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक़ ने बताया की लोहड़ी शब्द 'तिलोहड़ी' से आया है। जिसमें तिल का अर्थ होता है तिल और 'रोरही' का अर्थ होता है गुड़। वहीं इसका एक अन्य अर्थ भी है लोहड़ी में 'ल' का अर्थ है लकड़ी, ओह का अर्थ 'उपले', और 'ड़ी' का मतलब 'रेवड़ी'। इन तीनों को मिलाकर बना है लोहड़ी। यह पर्व प्रकृति और किसान से जुड़ा है। इसके अलावा लोहड़ी को सर्दी के अंत के प्रतीक के रुप में भी देखा जाता है। साथ ही उन्होंने बताया की अग्नि पावन होती है जिसका जिक्र बाइबिल में भी है। सारे मौसम, परमेश्वर के द्वारा ही बनाये गए हैं और हर बात में हमें उनका धयवाद करना चाहिए। इस पूरे अवसर पर स्कूल ऑफ़ नर्सिंग की प्रधानाचार्य डॉ. इंदिरा डेनियल के साथ फैकल्टी राजविंदर कौर, कृष्णा वर्मा, सुखबिंदर कौर, परवीन कुमारी, सूरज, राजकुमार झा, अमित लॉरेंस, शालू, रेशमा, नीलम, सुभाष, यश कुमार, मनप्रीत इत्यादि ने भरपूर सहयोग दिया।


अंबाला। लोहड़ी के उपलक्ष्य में डांस करते अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ।


अंबाला। व्याख्यान के दौरान कॉलेज के छात्र व शिक्षक।

## अखंड भारत की स्वायत्तता के लिए नवयुवकों की सहभागिता जरुरी

- स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, एनएसएस की स्वामी विवेकानंद सेल सौजन्य इतिहास विभाग एवं वाईआरसी के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में समाज सुधारक सुभाष कलसाना ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन हो रहा है। गौरव सैनी ने बताया कि अखंड भारत की स्वायत्तता के लिए नवयुवकों की सहभागिता अनिवार्य है। विदेशी धरती पर भी उन्होंने अपनी भारतीयता को बनाए रखा तथा अपनी परंपराओं एवं जड़ों से जुड़े रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि विनम्रता एवं सादगी के पुंज स्वामी विवेकानंद का तेज और ओज हमारे युवाओं को ग्रहण करना चाहिए। उनकी निर्भीकता से पूरा विश्व परिचित है। डॉ. अनीश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्त को विद्यार्थियों के समकक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए आरंभ से ही प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं। डॉ. सरोज ने बताया कि भारत में आरंभ से ही चरित्र ही पूजित हुए हैं और स्वामी विवेकानंद उन महापुरुषों में से हैं जो हमारे हृदय मंदिर में सदैव पूज्य रहेंगे। डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि विदेश में रहकर भी स्वामी विवेकानंद का मातृ भूमि के लिए प्रेम कम नहीं हुआ। अवसर पर डॉ. कुलदीप, डॉ. रितु गुप्ता डॉ. राजेंद्र देशवाल, प्रो. सुषमा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## बालिग होते ही युवती प्रेमी के साथ फरार परिवार संग 2 दिन पहले मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

बालिग होते ही एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। दो दिन पहले ही युवती ने अपना 18वां जन्मदिन मनाया था। रात को जन्मदिन मनाने के बाद वह अपने परिजनों के साथ कमरे में सो गई, लेकिन अगली सुबह लापता हो गई। मामला गांव घेल कलां का है। परिजनों ने गांव जड़ौत के संदीप पर उनकी बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। युवक जग्गी सिटी सेंटर में जॉब करता है। जब युवती वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने अंबाला सदर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती जाते समय अपने घर से 8-10 हजार रुपए कैश, मां के जेवर और अपने डॉक्यूमेंट्स साथ ले गई। युवती की मां ने बताया कि वे काम पर चले जाते थे। पीछे से बेटी संदीप के साथ फोन पर बात करती थी। उन्हें नहीं पता था कि उनकी बेटी युवक से बाहर मुलाकात भी करती है। 3-4 महीने पहले युवक ने उनके पास कॉल करने की धमकी दी। कहा कि शादी नहीं कराई तो सुसाइड कर लूंगा। वे उनकी बेटी की फरवरी/मार्च में शादी करने की तैयारी कर रहे थेलेकिन उससे पहले ही बेटी घर से चली गई। युवक-युवती दोनों का पिछले 2 दिन से कहीं कोई सुराग नहीं लगा। दोनों के मोबाइल भी बंद आ रहे हैं। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्यार्थियों ने टिशू पेपर से बनाई खूबसूरत तस्वीर



**बराड़ा।** राजकीय उच्च विद्यालय मुलाना में ₹जीवन कौशल विकास संग मस्ती शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इसमें बच्चों ने व्यर्थ वस्तुओं के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं का निर्माण करना सीखा। सलाद को अन्य तरीकों से भी काटने का प्रशिक्षण लेकर सजावट सहित लगाना, प्राथमिक सहायता, आपातकाल में अपनी व दूसरों की मदद करना, स्वास्थ्य वर्धक नुस्खे, परिवार व समाज में ऑर्गेनिक वस्तुओं को बढ़ावा देने बारे, गत्ते, बुकरम से विभिन्न तस्वीरों को जिंदादिली देना, दक्षिण भारत की कला को अपने हाथों से बनाकर तस्वीरों के माध्यम से छटा बिखेरना, ग्रीटिंग काड्र्स, फ्लोटिंग कैंडल,फैब्रिक पेंटिंग, क्ले म्यूरल्स, टिशू पेपर से तस्वीरों का सुंदर निर्माण करना भी बच्चों को सिखाया गया। गांव के सरपंच एसएमसी प्रधान सुमन कुमारी, सुमन कश्यप टीजीटी अंग्रेजी, लिपिक सुरेश चंद ने बच्चों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## निर्माणाधीन शहीद स्मारक पर निर्माण कार्य का लिया जायजा

- शहीद स्मारक का सिविल वर्क अंतिम चरणों में, गृह मंत्री विज ने निर्माण एजेंसी के स्टाफ से प्रगति जानी


अंबाला। शहीद स्मारक का मुआयना करते गृहमंत्री अनिल विज।

**अंबाला।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को जीटी रोड पर करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन शहीद स्मारक पर निर्माण कार्य का जायजा लिया। विज ने स्मारक में मेन एंट्रेंस, कांफ्रेंस हॉल, प्रोजेक्टर रूम एवं स्मारक में अन्य निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के स्टाफ से कार्य की प्रगति के बारे में जाना। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य तेजी एवं जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मेमोरियल टॉवर, पार्किंग एरिया आदि के नर्मिाण कार्य भी जानकारियां ली। निर्माण एजेंसी के स्टाफ ने विज को बताया कि शहीद स्मारक में सिविल वर्क अंतिम चरणों में है। गौरतलब है कि सिविल वर्क कार्य पूरा होने के उपरांत आर्ट वर्क का कार्य शहीद स्मारक में प्रारंभ किया जाएगा। बता दें कि 1857 की क्रांति के शहीदों को समर्पित शहीद स्मारक का नर्मिाण किया जीटी रोड पर किया जा रहा है। स्मारक में 63 फुट ऊंचा कमल आकार का मेमोरियल टॉवर आकर्षण का केंद्र है जिसका नर्मिाण कार्य भी अंतिम चरणों में है। मेमोरियल टॉवर के ऊपर जाने का भी यहां प्रावधान होगा। स्मारक में 1857 की क्रांति पहले अंबाला में कैसे शुरू हुई। फिर प्रदेश और देश में कैसे फैली व इसके प्रभाव से जुड़ा इतिहास जीवंत तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा।

## आत्मनिर्भर भारत पर कविता रचना प्रतियोगिता



**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में चल रहे एनएसएस कैंप के चौथे दिन की शुरुआत गीत से हुई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने स्वयंसेविकाओं को लेक्चर के माध्यम से प्रेरित किया कि एनएसएस एक ऐसा माध्यम हैं जिसके द्वारा हमें समाज में अपनी सेवा देना और लोगों के साथ जुड़ने का मौका मिलता हैं। हमें पूरी ईमानदारी के साथ अपना सहयोग देना चाहिए। डॉ कनिष्का कौशिक ने मौखिक स्वच्छता पर व्याख्यान दिया। आत्मनिर्भर भारत पर कविता रचना प्रतियोगिता करवाई गई। नशा मुक्ति अभियान पर स्वयंसेविकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। गांव तंदवाली में गुरुद्वारे का दौरा किया गया। इसी के साथ बिना आग के खाना पकाने की प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर कॉलेज प्रधान दीदार सिंह, डॉ. दलजीत कौर, डॉ. रितु चांदना उपस्थित रही।

## पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

- संतोखी व शेरपुर गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, पूर्व जिप चेयरमैन ने किया ग्रामीणों को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर


अंबाला। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोहड़ी मनाते मुख्यअतिथि।

जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार लोक-समर्थक शासन को बढावा देने के लिए काम कर रही है। इसके लिए विशेष तौर पर योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया गया है। यह विचार जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र राणा ने गांव संतोखी व शेरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों को भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि पिछले 9 सालों में अभूतपूर्व कार्य है। समाज में पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कदम उठाये गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को मद्देनजर रखते हुए देश भर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ गांव व शहरी क्षेत्र को कवर कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं सहित सभी वर्गो के कल्याण के लिए काम किया है, खासकर वंचित समुदाय की ओर विशेष तौर पर ध्यान दिया गया है। कहा कि एमएसपी पर सबसे अधिक फसलों की खरीद, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, स्वामित्व योजना, मेरिट पर नौकरी, ई-गवर्नेंस, भावांतर भरपाई योजना, अंत्योदय सरल पोर्टल, पशुधन क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सुखवंत कौर मौजदू रहे।

### गृहमंत्री अनिल विज ने तय किया रोडमैप

# बाजारों से होकर निकलेगी भव्य श्री राम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। पार्टी पदाधिकारियों को जरुरी निर्देश देते गृहमंत्री अनिल विज।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर अंबाला छावनी में आगामी 14 को भव्य श्रीराम यात्रा" का आयोजन किया जाएगा। विज शुक्रवार दोपहर श्रीराम यात्रा" की तैयारियों को लेकर अपने आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को श्रीराम यात्रा प्रात : 11 बजे सुभाष पार्क से पैदल निकाली जाएगी जोकि छावनी के प्रमुख बाजारों से होती हुई वापस सुभाष पार्क पर संपन्न होगी। यात्रा सुभाष पार्क से आउटर लार्ज रोड तक फिर यहां से कबाड़ी बाजार मुड़ते हुए निकलसन रोड पर कड़ी चावल वाले चौक तक, फिर यहां से निकलसन रोड होते हुए हलवाई बाजार तक, हलवाई बाजार से पुरानी सब्जी मंडी हनुमान मार्केट चौक तक, यहां से सब्जी मंडी होते हुए डीसी रोड, फिर डीसी रोड पर मुड़ते हुए सदर बाजार चौक तक जाएगी। इसके उपरांत यात्रा निकलसन रोड से क्रास रोड नंबर एक पंजाबी मोहल्ले तक जाएगी, यहां से यात्रा क्रास रोड नंबर एक से आउटर लार्ज रोड होते हुए वापस सुभाष पार्क के समक्ष संपन्न होगी। यात्रा के दौरान पैदल चलते हुए भक्त भजनों पर रामलला का गुणगान करेंगे। यात्रा में बढ़चढ़ कर शामिल होने के लिए सभी वर्गों से आह्वान किया जाएगा। विज ने कहा कि अयोध्या श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर घरों व बाजारों दीयो व रोशनी से जगमग किया जाए। 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या जाने के लिए एसी स्पेशल ट्रेन अंबाला छावनी से अयोध्या तक चलाई जाएगी। ट्रेन में अम्बाला छावनी से हजारों भक्त श्रीराम मंदिर दर्शनों के लिए इस ट्रेन में रवाना होंगे। मौके पर किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, श्याम सुंदर अरोड़ा, फकीरचंद सैनी, रामबाबू यादव व नरेंद्र राणा मौजूद रहे।